21100980

QP CODE: 21100980

Reg No : ....

Name : ....

U G DEGREE (CBCS) EXAMINATION , MARCH 2021

Fourth Semester

Common Course II - HN4CCT01 - HINDI-DRAMA AND LONG POEM

2017 ADMISSION ONWARDS

C99C762D

Time: 3 Hours

Max. Marks : 80

Part A

किन्ही **दस** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. कोणार्क किस राज्य में है? यह किसका मंदिर है?
2. उत्कल नरेश का महामात्य कौन है? महामात्य के दूत का नाम क्या है?
3. कोणार्क मंदिर के बारे में ज्योतिषी की भविष्यवाणी क्या थी?
4. उत्कल नरेश ने युद्ध में किनको पराजित किया? उन्होंने अपना राज्य-भार किसे सौंप दिया था?
5. विशु का पुत्र कौन है? उसका नाम क्या है?
6. विशु ने कोणार्क की मूर्ती पर किन-किन आभूषणों को अंकित किया था?
7. निर्मला पुतुल का जन्म कब हुआ? कहाँ हुआ?
8. 'उस घर से मत जोड़ना मेरा रिश्ता' यहाँ पुत्री अपने पिता से किस प्रकार के घर की बात करती है?
9. उमाशंकर चौधरी को किन-किन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है?
10. कवि अपनी कमीज़ के अंदर क्या -क्या छिपा लाये थे ?
11. नीलेश रघुवंशी किन -किन सम्मानों से पुरस्कृत हुई ?
12. सड़क किनारे था हैंड पंप,आसपास जिसके घूमती रहती गायें' यह किस कविता की पंक्तियां है ? उसका लेखक कौन है ?

(10×2=20)

Part B

किन्ही **छः** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

13. 'जब मैं इन मूर्तियों में बंधे रसिक जोड़ों को देखता हूँ तो मुझे याद आती है पसीने में नहाते हुए किसान की, कोसों तक धारा के विरुद्ध नौका को खेनेवाले मल्लाह की, दिन-दिन भर कुल्हाड़ी लेकर खटनेवाले लकड़हारे की!......" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

Turn Over

14. 'महामात्य को आने दो! उनके आने में अधिक विलम्ब न होगा। .....और इस बीच में हम चाहते हैं कि मूर्ति-वंदना से पूर्व ही हम कोणार्क के निर्माता, अपने प्रधान शिल्पी का, उन्हीं के कक्ष में समादर करें।...." a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

15. 'अरे प्रतिमा के गले में यह कैसे पहुंचा? किन्तु-किन्तु यह तो पत्थर पर अंकित है।.... यह कैसी मरीचिका!.... वही, ठीक वैसा ही अंकन, वही बिलकुल वही, कामदेव की आकृति! नाट्याचार्य, यह कैसी पहेली?" a. किसने कहा ? b. किससे कहा? c. सन्दर्भ क्या है?

16. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "पत्थर का यह मंदिर आज कल्पना के स्पर्श से हवा की तरह गतिमान, किरण को तरह स्पर्श हीन, सुगन्ध की तरह सर्वव्यापी हो रहा है।"

17. सप्रसंग व्याख्या कीजिए। "यह कैसा अभिशाप। ओ अभागे कारीगर, कहाँ है तेरा गौरव, कहाँ हैं, तेरी मौन तपस्या का पुरस्कार?"

18. 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता में पुत्री ने अपने पिता से कौन-कौन से गुणयुक्त वर की बात की है?

19. शहंशाह की नींद की तुलना में कवि ने किस पात्र का उदाहरण लिया है? क्यों?

20. पीछे छूट गया था इतिहास और संवत्सर अपना,मिथक,देवता और तीर्थ अपने ... उनकी स्मृतियाँ थी हमारे साथ भर्ती चुप-चाप -सप्रसंग व्याख्या लिखिए।

21. सारा जीवन घटते रहे पिता ढाबे में,कराते रहे हमारी इच्छाएँ पूरी,खुद की इच्छाओं से रहे बेखबर-सप्रसंग व्याख्या लिखिए ?

(6×5=30)

Part C

किन्ही **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए

22. धर्मपद के चरित्र में क्या क्या विशेषतायें हैं ? विस्तार से लिखिए।

23. विशु' का चरित्र चित्रण करे।

24. वर्तमान बाज़ारवाद के युग में 'उतनी दूर मत ब्याहना बाबा' नामक कविता की प्रासंगिकता व्यक्त कीजिए।

25. ‘शहंशाह की नींद’ नामक कविता सामंतवादी मिजाज को हमारे सामने प्रस्तुत करती है। इस तथ्य को स्पष्ट कीजिए।

(2×15=30)